बेलीज़ का रीफ संकटापन्न स्थिति से बाहर हो सकता है

चर्चा में क्यों?

मीज़ोअमेरिकिन रीफ, पानी के नीचे एक आश्चर्य दुनिया जिसका अस्तित्व वर्षों से खतरे में माना जा रहा था, अब बेलीज़ियन सरकार और सक्रिय कार्यकर्त्ताओं द्वारा इसे बचाने के लिये उठाए गए साहसिक कदम के परिणामस्वरूप यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की संकटापन्न (threatened) सूची से हटाया जा सकता है|

महत्त्वपूर्ण बिंदु

- बेलीज़ के तट से बस एक पत्थर फेंकने पर कैरेबियन सागर के जल के नीचे एक विशाल चट्टान (reef) के चारों ओर शार्क, मंता रेज़ और समुद्री कछुए के साथ उज्ज्वल रंगीन उष्णकटिबंधीय मछली दिखाई देती है।
- ऑस्ट्रेलिया में ग्रेट बैरियर रीफ के बाद आकार में दूसरे स्थान पर इस कैरीबियाई रीफ को 1996 में प्रतिष्ठित विश्व धरोहर सूची में नामित किया गया था लेकिन बेलीज़ के आस-पास तेल अन्वेषण योजनाओं की अनुमति देने के कारण 2009 में इसे लुप्तप्राय स्थिति में रखा गया।
- चेतावनी में उन मैंग्रोव को भी शामिल किया गया जो रीफ की रक्षा में मदद करते हैं और क्षेत्र में रहने वाली सैकड़ों मछलियों की प्रजातियों के लिये प्रजनन स्थल के रूप में कार्य करते हैं। जिसने कार्यकर्त्ताओं को कार्रवाई के लिये प्रेरित किया।
- कार्यकर्त्ताओं ने 2012 में एक अनौपचारिक जनमत संग्रह का आयोजन किया, जिसमें 96% बेलीज़ियन ने देश के संभावित आर्थिक लाभों पर रीफ का चयन करते हुए अपतटीय तेल अन्वेषण के खिलाफ मतदान किया।
- चूँकि शीर्ष पर्यटक आकर्षणों में से एक इस रीफ पर आसन्न खतरों को देखते हुए बेलीज़ियन सरकार ने चट्टान की रक्षा के लिये कई कानून बनाए।
- बेलीज़ के रीफ को संकटापन्न सूची से बाहर निकालने का विचार मनामा, बहरीन में इस सप्ताह की यूनेस्को की बैठक के दौरान आया था, जिसके कारण यूनेस्को विरासत स्थलों की संकटापन्न सूची से इस रीफ को हटाने पर विचार कर रहा है।
- मेक्सिको के युकाटन प्रायद्वीप के अग्रभाग से ग्वाटेमाला और होंडुरास तक फैले इस रीफ की लंबाई 380 किमी. है| इसका संपूर्ण हिस्सा विश्व विरासत सूची में शामिल है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/belizes-reef-an-underwater-wonder-may-be-out-of-risk